रोहतक, गुरुवार 27 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी ■ वर्ष : 29, अंक : 28 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि.32.1 न्यून. 13.2 haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित — समाचार ही नहीं, विचार भी








बुधवार को महाकुंभ के अंतिम स्नान के दौरान स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा की। वायु सेना ने एयर शो दिखाया।

## महाकाल के जयकारों के साथ दुनिया के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ का समापन

*महाकुंभ स्नान के अंतिम दिन 1.53 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी*

# महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी में बने रिकॉर्ड, दिखे विविधता के रंग

45 दिन में 66.30 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान कर बनाया विश्व रिकॉर्ड » **दुनिया में सनातनियों की आधी आबादी से अधिक लोग संगम पर पहुंचे, पुण्य कमाया** » झांझ की झंकार, पवित्र मंत्र और विविध रूपों ने त्रिवेणी मेले को बनाया आकर्षण का केंद्र

**महाकुंभ नगर (भाषा)।** प्रयागराज में 45 दिनों तक विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम-महाकुंभ बुधवार को महाशिवरात्रि पर बाबा भोलेनाथ और गंगा मैया के जयकारों के साथ अंतिम स्नान पर्व संपन्न हो गया। 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को शुरू हुए आस्था के सबसे बड़े संगम महाकुंभ के अंतिम दिन देश के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री पवित्र संगम स्थल पर डुबकी लगाने के लिए एकत्र हुए और झांझ की झंकार, पवित्र मंत्र और भारत के विविध रूप दिखाने वाले रंग त्रिवेणी संगम पर एक दूसरे में घुल-मिल गए। इसमें नागा साधुओं के भव्य जुलूस और तीन 'अमृत स्नान' हुए। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा व संगम में डुबकी लगाई। 13 जनवरी से अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66.30 करोड़ पहुंच गई। श्रद्धालुओं की यह संख्या चीन और भारत को छोड़कर अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों समेत सभी देशों की आबादी से अधिक है। साथ ही यह मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से अधिक है। महाकुंभ मेले में स्वच्छता प्रभारी डाक्टर आनंद सिंह ने बताया कि पूरे मेले में 15,000 स्वच्छताकर्मी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात रहे और सफाई का रिकॉर्ड बनाया।



### महाकुंभ में महा रिकॉर्ड बने

- 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में 66.21 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आए। दुनिया में इससे ज्यादा जनसंख्या सिर्फ भारत और चीन की ही है। अंतिम 12 दिन में हर रोज एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम स्नान के लिए पहुंचे।
- भारत के आध्यात्मिक वैभव की पताका समुचित दुनिया में लहराई। पूरी दुनिया ने भारत के आध्यात्म और सनातन की संस्कृति का लोहा माना। दुनिया के सौ ज्यादा देशों से श्रद्धालु पहुंचे।
- आम लोगों के साथ ही खास लोग भी स्नान करने पहुंचे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री रक्षा मंत्री और तमाम राज्यों के गवर्नर व मुख्यमंत्री के साथ ही उद्योग-फिल्म, खेल जगत की तमाम हस्तियों ने भी त्रिवेणी में स्नान किया।
- गंगा की सफाई और सड़कों की सफाई से लेकर 10,000 लोगों के हाथ की छाप से तैयार की गई अनूठी पेंटिंग को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह दी गई।
- उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पंख लगाए। हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार मिला। अरबों रुपये का कारोबार हुआ। यूपी की जीडीपी में सुधार हुआ।
- महाकुंभ ने सनातनियों की एकता और सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश दिया। यहां पहुंचे श्रद्धालुओं में ना अमीर गरीब का भेद था, न जाति का, न क्षेत्र का और ना ही बोली वह भाषा का। पूरा भारत यहां एकता के सूत्र में पिरोया हुआ नजर आया। एकता और संस्कृति का भव्य संगम यहां देखने को मिला।

### भगदड़ ने परेशान किया

महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ की घटना से इसकी छवि थोड़ी धूमिल हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था पर इस घटना का कोई खास असर नहीं पड़ा। भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी। वहीं दिल्ली रेलवे स्टेश पर भी मची भगदड़ में 18 लोग मारे गए थे।

### 13 अखड़ों ने स्नान किया

महाकुंभ मेले में देश के सभी 13 अखाड़ों ने तीन प्रमुख पर्वों- मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर अमृत स्नान किया। बसंत पंचमी स्नान के साथ वे मेला से विदा हो गए।

## काशी में शिव बारात नागा साधुओं ने शिव तांडव स्त्रोत सुनाया

**वाराणसी(एजेंसी)।** महाशिवरात्रि पर वाराणसी में भगवान शिव की बारात निकाली गई। इस मौके पर 7 शैव अखाड़ों के 10,000 से ज्यादा नागा साधु बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। जलाभिषेक करने के बाद बाबा विश्वनाथ को शिव तांडव स्त्रोत सुनाया।

■ **पेशवाई में गदा-तलवारें लहराई, हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल**

तड़के 2:15 बजे बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती हुई। उनका दूल्हे की तरह श्रृंगार किया गया। आधी रात से ही मंदिर के बाहर करीब 4 किलोमीटर लंबी कतार लगी हुई है। लाइन में लगे लोगों दर्शन के लिए 9-9 घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह से अब तक 6.67 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए हैं। नागा साधुओं ने विश्वनाथ मंदिर तक पेशवाई निकाली। इसमें गाड़ियां, ढोल-नगाड़े के साथ अस्त्र-शस्त्र लिए साधु शामिल थे। जूना अखाड़े के साधु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ मंदिर पहुंचे। नागा साधुओं के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के रास्ते की बैरिकेडिंग की गई थी।

### उत्तराखंड : केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दो मई से खुलेंगे

**रुद्रप्रयाग(भाषा)।** उत्तराखंड में गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित केदारनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल में करीब छह माह बंद रहने के बाद श्रद्धालुओं के लिए दो मई को फिर खोल दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना करने के बाद धर्माचार्य वेदपाठियों ने पंचाग गणना कर यह फैसला लिया।



## खबर संक्षेप

### सीबीएसई: अब स्कूल एक ही नाम से शाखाएं खोल सकेंगे

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने अपनी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबद्धता मानदंडों में ढील दी है, जिससे अब ये विद्यालय समान नाम और एक ही संबद्धता संख्या के तहत स्कूल की अन्य शाखा स्थापित कर सकते हैं। अधिकारियों ने कहा, दोनों विद्यालयों को शैक्षणिक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी, तभी नई शाखाएं खोल सकेंगे। भाषा

### राजौरी में सेना के वाहन पर आतंकी हमला

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक गांव में बुधवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की। वहीं, पठानकोट से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। चेतावनी के बावजूद वह घुसपैठ के प्रयास में था। भाषा

### पूर्व जज एससीबीए चुनाव सुधार समिति प्रमुख बने

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव को उच्चतम न्यायालय बार संघ में चुनाव सुधारों पर गठित समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। भाषा

**एसटीएफ यूपी के साथ मेरठ में हुई मुठभेड़ में मारा गया**

**वर्ष 2016 में आसौदा में हुई थी सरपंच व उसके पिता की हत्या**

## आसौदा के सरपंच और उसके पिता की हत्या का दोषी एनकाउंटर में ढेर

हरिभूमि न्यूज »| बहादुरगढ़

आसौदा गांव के सरपंच और उसके पिता की हत्या के मामले में दोषी बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू उत्तर प्रदेश में मारा गया। यूपी के मुंडाली मेरठ क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ ने उसको ढेर कर दिया। आरोपित का लिंक लॉरेंस गिरोह से बताया जा रहा है। जीतू पर हरियाणा, यूपी और दिल्ली में 8 आपराधिक केस दर्ज हैं। जीतू को आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह पैरोल पर आने के बाद से फरार चल रहा था। दरअसल, चुनावी रंजिश के चलते जुलाई 2016 में आसौदा के सरपंच रामबीर व उसके पिता की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में आसौदा के जितेंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसी मुकदमे में वह 2023 में पैरोल पर जेल से बाहर आया था, लेकिन फिर जेल वापस जाने के बजाय फरार हो गया।

**फरारी के दौरान यूपी में भी एक व्यावसायी की हत्या की थी**



**आसौदा के निवासी जितेंद्र को हुई थी आजीवन कारावास की सजा**

●

**पैरोल मिलने के बाद फरार चल रहा था जितेंद्र**

### एक लाख का इनामी

जितेंद्र ने 2023 में सुपारी लेकर गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ में एक व्यावसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस केस में यूपी पुलिस द्वारा उस पर एक लाख का इनाम घोषित किया था। यूपी एसटीएफ को सूचना मिली कि जीतू मेरठ के मुंडाली इलाके के जंगल में है। बुधवार सुबह 4 बजे एसटीएफ ने उसे घेर लिया और मुठभेड़ में उसे मार गिराया। यूपी एसटीएफ के मुताबिक, जेल में रहने के दौरान वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संपर्क में आ गया था और फरार होने के बाद से वह गैंग के सदस्यों के साथ आपराधिक मामलों में लिप्त रहता था। किसी मामले में उसे पांच साल तो किसी मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई थी।

## सोनीपत में दंगल के बीच अखाड़ा संचालक की हत्या



**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** कुंडल गांव में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कुश्ती दंगल के बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने सोहटी धाम के अखाड़ा संचालक राकेश राणा की गोली मारकर हत्या कर दी। संचालक को 1000 लोगों के बीच गोली मारी गई। राकेश को खरखौदा के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। गांव सोहटी निवासी राकेश सोहटी धाम स्थित अखाड़ा के संचालक थे। वह निजी स्कूल भी चलाते हैं, जिसमें कुश्ती व कबड् डी की अकादमी है। राकेश राणा बुधवार को गांव कुंडल में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कुश्ती दंगल में गए थे। तभी यह वारदात हुई।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो युवक मौके पर पहुंचे। उन्होंने आते ही दंगल के बीच में ही राकेश राणा पर गोलियां चला दीं। दो गोली उनके पेट में व एक चेहरे पर मुंह के पास लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गए। हमलावर हथियार लहराते हुए भाग निकले। राकेश को तुरंत खरखौदा के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। खरखौदा थाना पुलिस ने कुंडल में मौके का मुआयना किया और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस शव का सोनीपत के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाएगी।

## इसी बजट से मिलेंगे महिलाओं को हर माह 2100 रुपये : सीएम

**जींद(हरिभूमि न्यूज)।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना को धरातल पर उतारने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मार्च में होने वाले बजट सत्र के तुरंत बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। सरकार इस योजना के लिए अलग से विशेष बजट का प्रबंध करेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी बुधवार को जुलाना में जनसभा को संबोधित करते हुए यह ऐलान किया।



*(पेज दो भी देखें)*

**सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का जवाब**

## दोषी नेताओं पर आजीवन रोक लगाना संसद का ही अधिकार

एजेंसी »| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में आपराधिक मामलों में दोषी सांसदों विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका का विरोध किया है। केंद्र ने जवाब दाखिल करते हुए कहा, इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में है। 'याचिका की मांग कानून को दोबारा लिखने या संसद को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के जैसी है। ये पूरी तरह से न्यायिक समीक्षा की शक्तियों के विपरीत है।' वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने याचिका में मांग की है कि देश में सांसदों-विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केसों को जल्द खत्म करने के अलावा दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए। इस पर केंद्र ने कहा कि ऐसा अधिकार संसद के पास ही है। यह कहना अलग है कि एक शक्ति मौजूद है और यह कहना दूसरी बात है कि इसका हर मामले में अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाना चाहिए।



**याचिका में आपराधिक मामलों में दोषी सांसद-विधायकों पर बैन की मांग**

●

**सांसदों-विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केसों को जल्द खत्म किया जाए**

### यह भी कहा सरकार ने

याचिकाकर्ता के उठाए मुद्दों का असर व्यापक है। जो साफ तौर पर संसद की विधायी नीति के अंडर आते हैं। इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में जरूरी बदलाव किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार माना कि एक या दूसरे ऑप्शन पर लेजिस्लेटिव ऑप्शन का असर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (1) के तहत अयोग्यता की अवधि आरोप साबित होने की की तारीख से 6 साल या जेल के मामले में रिहाई की तारीख से 6 साल थी। अयोग्यता संसदीय नीति के मामले में समय तक सीमित है।

### विवादित कानून संवैधानिक रूप से सही


केंद्र ने कहा कि विवादित कानून संवैधानिक रूप से सही है। और संसद की शक्तियों के भीतर होने के अलावा अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल के दोष से ग्रस्त नहीं हैं। कोई भी पैनल्टी लगाते समय संसद रेश्यो और लॉजिक के सिद्धांतों पर विचार करती है। उदाहरण के लिए- भारतीय न्याय संहिता 2023 या दंड कानून की संपूर्णता कुछ सीमाओं तक जेल या जुर्माने का प्रावधान करती है। और इसके पीछे तर्क यह है कि दंडात्मक उपाय अपराध की गंभीरता के साथ सह-संबंधित होंगे।

**अनुच्छेद 102 और 191 में कानून बनाने की शक्ति :** अनुच्छेद 102 और 191 के खंड (ई) संसद को अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने की शक्ति प्रदान करते हैं। और इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए 1951 का अधिनियम बनाया गया था। संविधान ने संसद को अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले ऐसे अन्य कानून बनाने का क्षेत्र खुला छोड़ दिया है, जैसा वह उचित समझे। संसद के पास अयोग्यता के आधार और अयोग्यता की अवधि दोनों निर्धारित करने की शक्ति है।

### केंद्र का नया मास्टर स्ट्रोक : यह स्कीम स्वैच्छिक और अंशदायी होगी

## यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी रोजगार की नहीं होगी शर्त, होगा लाभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जो मौजूदा पेंशन योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में बढ़ेगी।




### किन को मिलेगा फायदा?

यह योजना खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वालों और अन्य नागरिकों के लिए बनाई जा रही है। इसमें 18 साल या उससे अधिक उम्र के वे लोग शामिल हो सकेंगे, जो 60 साल के बाद पेंशन लाभ पाना चाहते हैं। केंद्र सरकार राज्यों को भी इस योजना में अपनी पेंशन योजनाओं को विलय करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है।

### *यूनिवर्सल पेंशन स्कीम में क्या होगा?*

- इस योजना को ईपीएफओ के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतिम प्रारूप को तैयार करने के बाद अलग-अलग हितधारकों की राय ली जाएगी।
- नई योजना स्वैच्छिक होगी, यानी कोई भी इसमें शामिल हो सकेगा, चाहे उसके पास कोई नौकरी हो या नहीं। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग, जैसे कि छोटे व्यापारी, स्वरोजगार करने वाले भी योजना में शामिल हो सकेंगे।
- इसमें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा पेंशन योजनाओं को मर्ज किया जा सकता है।
- ये योजनाएं रिटायरमेंट के बाद 3,000 की मासिक पेंशन प्रदान करती हैं, जिसमें 55 रु. से 200 रु. तक का योगदान किया जाता है, और सरकार भी इसमें बराबर का योगदान देती है।
- अटल पेंशन योजना को भी नए ढांचे में शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है।
- अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित है। प्रस्तावित पेंशन योजना का उद्देश्य इन योजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक समावेशी प्रणाली तैयार करना है।

**तैयारी** ऐसे युवाओं और किशोरों को सुधारने के लिए 14 करोड़ से बनेगा केंद्र

*आईसीएमआर ने कहा, देश में अपनी तरह का ऐसा पहला केंद्र होगा*

## बच्चों और युवाओं को इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद करेगा एम्स

**नई दिल्ली (भाषा)।** बच्चों, किशोरों और युवाओं को इंटरनेट एवं प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। इस पर करीब 14 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसके लिए सभी तैयारियों पूरी हो चुकी है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा ने यह जानकारी दी है।

### बच्चों की क्षमता मजबूत करेंगे

डॉ. बल्हारा ने कहा, 'यह देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है, जिसे विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के बीच प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्याग्रस्त उपयोग को देखते हुए साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप विकसित करने का काम सौंपा गया है।' इसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं में इंटरनेट और प्रौद्योगिकी से संबंधित लत की रोकथाम, जांच, प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप करना होगा। साथ ही, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के कर्मियों के लिए इन समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन के लिए उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए संसाधन विकसित किए जाएंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही

डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है। बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।

## खबर संक्षेप




### सभी एकजुट होकर काम करें, भाजपा की जीत होगी : डॉ. सतीश पूनिया

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा रोहतक जिला की कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें, निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत होगी। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया और आशा शर्मा, वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, नागेन्द्र शर्मा, सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी अमरजीत सोलंकी, डा. आदित्य बत्रा, ओम प्रकाश बागड़ी, डा. बलवान, डा. अशोक रंगा और कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।



### आंदोलन करेंगे कर्मचारी 18 को पंचकूला में घेराव

**चंडीगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ और राज्य प्रधान नरेश शास्त्री और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन राज्य प्रधान राजिंदर सिन्द ने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रदेश के सभी दमकल केंद्रों में कार्यरत पे-रोल, कौशल निगम व नियमित कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर निदेशक और अधिकारियों के साथ यूनियन प्रतिनिधि मंडल के साथ कई दौर की बैठकों में कोई समाधान नहीं निकला है। अग्निशमन कर्मचारी संघ ने आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। 18 मार्च को अग्निशमन विभाग के सैकड़ो पदाधिकारी निदेशक कार्यालय पर मॉस डेपुटेशन मिलकर मांगो का समाधान करने की मांग करेगा।

### डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाई, हरियाणा में भी मंथन शुरू

**चंडीगढ़।** डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए बाकी उत्तराखंड व कई राज्यों की तरह से रिटायरमेंट उम्र बढ़ाए जाने को लेकर हरियाणा में मंथन की शुरुआत हो गई है। इस संबंध में हरियाणा के डॉक्टरों ने भी उम्र सीमा बढ़ाए जाने की वकालत की है। हाल ही में उत्तराखंड सरकार की ओर से राजकीय अस्पतालों में डाक्टरों की कमी दूर करने के और अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों के संकट से राहत दिलाने की पहल की है। सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु को 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष किया है।



### राज्यपाल ने समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सकेतड़ी के प्राचीन मंदिर में परिवार सहित पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ में 67 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। महाकुंभ से ऐसा प्रतीत होता है विश्व स्तर पर अध्यात्म की भावना बढ़ रही है।

---

### जुलाना में बोले सीएम नायब सिंह सैनी, महिलाओं को 2100 रुपये देने की प्रक्रिया तेज

# इसी बजट सत्र में महिलाओं के लिए अलग बजट लेकर आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जुलाना में नगर पालिका से भाजपा चेयरमैन पद के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है और मार्च में होने वाले बजट सत्र के तुरंत बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। सरकार इस योजना के लिए अलग से विशेष अलग बजट का प्रबंध करेगी।

सरकार की ओर से इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। मार्च में होने वाले बजट सत्र में महिलाओं के लिए अलग से बजट लाया जाएगा। सीएम ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में जनसभाएं चल रही हैं। हर जगह भाजपा के पक्ष में अवाज है। जनता ने मूड बना है लिया है कि दो मार्च को ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई जाएगी। जुलाना में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर प्रदेश में तीन गुणा तेज गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे।


जींद। जनसभा में मंच पर मौजूद सीएम नायब सैनी।

#### कांग्रेस जीरो पर आउट होगी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने युवाओं की सरकारी नौकरी का रिजल्ट रुकवा दिया था। लेकिन जनता ने कांग्रेस के युवाओं की नौकरी बेचने के सपने को पूरा नहीं होने दिया। भाजपा की सरकार बनी और मैंने वादे के अनुसार मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में ली पहले युवाओं को नौकरी दी। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस मूर्छित हो गई है, कांग्रेसी नेता अभी तक होश में नहीं आए। निकाय चुनाव में भी जनता कांग्रेस को जीरो पर आउट करेगी।

#### भाजपा वादे पूरे कर रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए। दरअसल कांग्रेस के नेता एसी कमरों में बैठ कर ट्वीट करते हैंए उन्हें धरातल की कोई जानकारी नहीं। भाजपा संकल्प पत्र के वादे पूरे कर रही है। 100 दिनों के अंदर भाजपा 18 वादे पूरे कर चुकी है। 10 पर काम शुरू है और उनके लिए आर्थिक अनुमति जरूरी हैए जो मंजूर होकर आने वाली है। ऐसे करके 28 वादे भाजपा ने पूरे कर दिए हैं। सैनी ने कहा कि अपराध को कंट्रोल करने में कोताही नहीं बरती जा रही।

#### केजरीवाल की पोल खुली

सीएम ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल को जनता ने सत्ता से बाहर कर दिया है। केजरीवाल की कथित ईमानदारी की परतें अब खुल रही है। वहां की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट के अनुसार केजरीवाल सरकार का भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। दिल्ली में खोखली सरकार थी और केजरीवाल दिल्ली को घुन की तरह खा रहे थे। वहीं कांग्रेस पार्टी ट्वीट मास्टरों की पार्टी है। कांग्रेस जिस तरह से दिल्ली में तीसरी बार जीरो पर आउट हुई है, वही हाल निकाय चुनाव में होने वाला है।

**बवानीखेड़ा**

#### 100 दिन में 18 वादे पूरे

**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी के बवानी खेड़ा में जनसभा की। सैनी ने कहा कि 8 अक्टूबर को सरकार बनने के बाद संकल्प पत्र के वायदे को पूरा करते हुए सबसे पहले प्रदेश में किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस की सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 18 वायदों को पहले 100 दिनों में ही पूरा करने का काम किया है और आगे भी वायदों को पूरा करने में कसर नहीं छोड़ेगी।

**अंबाला**

#### तरक्की की नींव रखें

**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला और जगाधरी से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट भाजपा को दें, बाकी कामों की जिम्मेदारी मेरी है। क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं रहेगी। सभी को मालूम है कि हम तेज गति से काम करने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि यह पूरे प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य व तरक्की की नींव रखने का अवसर है।

## गुरुग्राम और प्रदेश को विकसित बनाने में ताकत लगाएंगे : बराला



गुरुग्राम। भाजपा ने बुधवार को गुरुग्राम नगर निगम के लिए भी संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद व गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने बुधवार को दिल्ली रोड स्थित चौपाल होटल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया। बराला ने दावा किया कि यह गुरुग्राम के विकास और गुरुग्राम के बेहतर भविष्य का संकल्प पत्र है। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र के लोगों का जीवन सरल और सुगम बनाने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार हम सभी मिलकर गुरुग्राम व प्रदेश को विकसित बनाने में ताकत लगाएंगे।

## भाजपा ने मानेसर नगर निगम के लिए संकल्प पत्र जारी किया



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम के लिए बुधवार को संकल्प पत्र जारी कर दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मानेसर (गुरुग्राम) के सेक्टर 82 स्थित कासाबेला क्लब हाउस में आयोजित भव्य कार्यक्रम में संकल्प पत्र का विमोचन किया। मानेसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि संकल्प पत्र मानेसर निगम क्षेत्र की जनता के सुझावों और आकांक्षाओं का सजीव प्रतीक है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मानेसर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं।

## दिल्ली में मनोहर लाल से मिले सीएम नायब सैनी, निकाय चुनाव पर मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में निकाय चुनाव के बीच बुधवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा मौजूद रहे।

बैठक के दौरान नकाय चुनाव को लेकर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री सैनी ने एक्स पर मुलाकात की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आगामी स्थानीय निकाय चुनाव, बजट सत्र, संगठनात्मक विषयों समेत प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।



## राज्य गीत पर विस कमेटी का काम पूरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्य गीत के चयन के लिए गठित विधान सभा की कमेटी का कार्य लगभग पूरा हो गया है। समिति इस बारे में जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा आगामी बजट सत्र में राज्य गीत के घोषणा होने की संभावना है। हरियाणा राज्य गीत चयन समिति की मंगलवार को आयोजित 10वीं बैठक में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कमेटी के सदस्यों और अधिकारियों के साथ प्रस्तावित राज्य गीत सुना। प्रस्तावित गीत सुनने के बाद कल्याण ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह गीत प्रदेश का समग्र रूप से परिचय करवाएगा। गीत के बोल और संगीत काफी प्रभावी हैं। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधान सभा कमेटी के सदस्यों, अधिकारियों और कलाकारों की मेहनत साफ रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि गीत के भाव काफी अच्छे हैं।



#### हरियाणा का गौरवशाली इतिहास बताएगा गीत

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि गीत की विषय वस्तु में हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, भौगोलिक संरचना और प्रदेश की विकास यात्रा को चित्रित किया गया है। राज्यगीत में प्रदेश की उत्सवधर्मी संस्कृति और हरियाणा वासियों की सादगी जैसी मूल विशेषताओं को इंगित करने का प्रयास किया है। इसमें प्रदेशवासियों के आपसी भाईचारे, शिक्षा और व्यापार का भी विशेष वर्णन है। गीत में हरियाणवी लोक जीवन को काव्यबद्ध किया गया है।

## नशामुक्त जीवन बकेट चैलेंज ने हरियाणा में पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में नशामुक्त जीवन बकेट चैलेंज एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। यह अभियान पूरे प्रदेश में तेजी से फैल रहा है और अब तक 3.5 मिलियन से अधिक व्यूज हासिल कर चुका है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम, फरीदाबाद जैसे शहरों से लेकर झज्जर, सोनीपत और हिसार जैसे ग्रामीण इलाकों तक, लोग नशामुक्त जीवन का संकल्प ले रहे हैं। हरियाणा ने हमेशा स्वस्थ समाज के लिए योगदान दिया है, यह अभियान उस दिशा में मजबूत कदम है। हरियाणा के ख्याति प्राप्त खिलाड़ी और फिल्मी सितारे इस मुहिम का हिस्सा बन चुके हैं और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं। ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, कुश्ती चैंपियन बबीता फोगाट और बॉक्सिंग स्टार मनोज कुमार ने इस चैलेंज को अपनाते हुए युवाओं को प्रेरित किया है।

## मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि पर दिल्ली में किया जलाभिषेक



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन परिसर में बने मंदिर में माथा टेका और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे।

## वेब सीरीज अखाड़ा का सीजन-2 स्टेज एप पर रिलीज, पहले ही दिन तोड़े सारे रिकॉर्ड

रोहतक। सुपरहिट वेब सीरीज़ अखाड़ा का दूसरा सीजन मंगलवार को स्टेज एप पर रिलीज़ हो गया। दो साल पहले आई अखाड़ा वेब सीरीज़ के दूसरे सीजन का लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। मंगलवार को यह इंतजार खत्म हो गया और दर्शकों ने अखाड़ा का दूसरा सीजन देखा। पहले दिन वेब सीरीज़ के दूसरे सीजन को काफी प्यार मिला। बड़ी संख्या में दर्शकों ने स्टेज एप वेब सीरीज़ का दूसरा सीजन देखा। पहले सीजन में जिस तरह कर्ण को अंतिम एपिसोड में गोली लगी थी उससे हर कोई जानना चाहता था कि कर्ण जिंदा है या मर गया। नए सीजन में कर्ण की एंट्री देखकर लोग काफी खुश हुए। दूसरे सीजन में कर्ण के डायलॉग लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। कर्ण के साथ पूनम के एक तरफा प्यार और आखन की एक आंख भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। स्टेज एप पर मंगलवार को पहले ही दिन अखाड़ा का सीजन 2 सबसे ज्यादा देखा गया। इससे पहले इस सीजन के ट्रेलर और टीजर को भी लोगों ने काफी प्यार दिया था। इसके दोनों टीजर और ट्रेलर सभी सोशल प्लेटफॉर्म पर अभी तक 2 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। अखाड़ा का सीजन 2 देखकर लोगों ने कहा कि पहला सीजन काफी दमदार था लेकिन दूसरा सीजन उससे भी ताकतवर है। दूसरे सीजन में जिस तरह कहानी को आगे बढ़ाया गया है वो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है।

#### कबड्डी महाकुंभ में किया गया था ट्रेलर लॉन्च




अखाड़ा के दूसरे सीजन को शुरू से ही दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पिछले सप्ताह ही हरियाणा में पहली बार ऐसा हुआ था जब किसी वेब सीरीज का ट्रेलर दस हजार से ज्यादा लोगों के सामने लाइव रिलीज किया गया हो। भिवानी जिले के मुंढाल गांव में सर्कल कबड्डी महाकुंभ के फाइनल में अखाड़ा वेब सीरीज़ की स्टार कास्ट पहुंची थी। जहां पर हजारों लोगों की भीड़ के सामने अखाडा वेब सीरीज़ के दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया गया। बड़ी स्क्रीन पर लोगों ने पहली बार यह ट्रेलर देखा और इसकी काफी सराहना भी की थी।

#### कलाकारों और क्रिटिक्स में अखाड़ा की चर्चा

अखाडा का दूसरा सीजन आने के बाद हरियाणा के बड़े-बड़े कलाकारों ने सोशल मिडिया पर आकर इसके लिए बधाई दी। किसी ने कहानी की तारीफ की तो किसी ने कहा कि कलाकारों की एक्टिंग जबरदस्त है। हरियाणा के फेमस कलाकार यशपाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि - अखाड़ा की तरह इसके दूसरे सीजन को भी प्यार दें, मैंने देखी है और बहुत मजा आया देखकर। बॉलीवुड के मशहूर क्रिटिक विरल भ्यानी ने भी अखाड़ा के दूसरे सीजन के ट्रेलर को पोस्ट किया और लोगों से इसे देखने का आग्रह किया।

### निकाय चुनाव के प्रचार में भी नहीं दिख रही एकजुटता

# कांग्रेस में नहीं थम रही रार, बदलाव के मूड में हाईकमान

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक लग जाने के बाद जहां भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं की नजरें नगर निकायों के चुनावों पर है। इसमें फतेह पाने के लिए मुख्यमंत्री से लेकर कद्दावर मंत्रियों और विधायकों द्वारा एडी से चोटी का जोर लगाया जा रहा है। दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी में हार के बाद ही रार थमने का नाम नहीं ले रही है, इसलिए कांग्रेस हाईकमान अब हरियाणा के अंदर व्यापक बदलाव की तैयारी में है। इस बीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा का कमल थाम राज्यसभा में पहुंची वरिष्ठ नेत्री व चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू अभी भी कांग्रेस में रहने के दौरान की पीड़ा नहीं भुला सकी हैं। भले ही मैडम भाजपा की ओर से राज्यसभा सांसद हों और बेटी राज्य की नायब सरकार में मंत्री बन गई हैं। लेकिन अभी भी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र पर हमला बोला। पूर्व सीएम व नेता विपक्ष रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता समझौता कर चुके हैं, इस तरह के नेता पार्टी को आगे क्यों बढ़ाएंगे। बाप बेटे को देखकर लोग बैक मार जाते हैं। यही कांग्रेस को खत्म करने की अच्छी रणनीति है।

#### सैलजा खास इलाकों में प्रचार कर रही, हुड्डा बुलावे पर जा रहे





**चंडीगढ़।** हरियाणा निकाय चुनावों की वोटिंग के लिए चार दिनों का का वक्त बचा हुआ है। भाजपा प्रचार अभियान में तेजी दिखा रही है।दूसरी तरफ कांग्रेस की चाल थोड़ी ढीली नजर आने लगी है। भाजपा के मुकाबले कांग्रेस पिछड़ती नजर आ रही है। पार्टी सांसद सैलजा ने गिने चुने इलाकों में प्रचार किया है। भूपेंद्र हुड्डा भी कम ही नजर आ रहे हैं, क्योंकि सोनीपत और रोहतक के आसपास ही प्रचार की मुहिम संभाली है। कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव वाली राह पर है, कोई बड़ा बदलाव नहीं हो सका है। स्टार प्रचारकों की सूची के बाद खींचतान हो रही है। विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया का लिस्ट में नाम नहीं है। सांसद सिरसा सैलजा जरूर शामिल हैं, लेकिन प्रचार में एक दो बार ही नजर आई हैं। हुड्डा भी बुलावा जहां जहां से आ रहा है, वहां वहां पर जा रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व मंत्री और सीनियर कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह की बैठक से हुड्डा गुट दूरी बनाए नजर आया। हुड्डा खेमे के नेता भी दूरी बनाते हुए नजर आए।

#### हुड्डा भाजपा में आना चाहें तो स्वागत : बड़ौली



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने हाल ही में हुड्डा पर बड़ा निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि हुड्डा साहब के मन में भाजपा के अंदर आने की है, तो वो आ सकते हैं। राजनीति में सारी संभवनाएं खुली रहती हैं। राजनीति में कब क्या हो जाए, किसी को कुछ नहीं पता। वैसे भी कांग्रेस के पास अब कुछ नहीं बचा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीरो पर आउट होने के बाद जनता को कांग्रेस की असलियत पता चल गई है। हरियाणा के नकाय चुनाव में कांग्रेस का वैसा ही हाल होगा।

#### हुड्डा हमेशा ही भाजपा का सहयोग करते रहे : किरण

भाजपा नेत्री किरण चौधरी का कहना है कि पहले हरियाणा और दिल्ली में लोगों ने देख लिया कि किस तरह से उन्हें शून्य दिया है, इनका सूपड़ा साफ हो गया है। यहां सारा कुछ इनकी करतूत व कर्म के कारण है। अब कांग्रेस तो समाप्त होने पर आ चुकी है।



किरण चौधरी ने उन्होंने कहा कि बाप-बेटे कांग्रेस को उभरने नहीं दे रहे। पूर्व सीएम हुड्डा के जिक्र पर किरण चौधरी ने हंसकर कहा कि वे हमेशा ही भाजपा का सहयोग करते रहे हैं। बडौली और जेपी दलाल द्वारा हुड्डा को भाजपा में आने के निमंत्रण पर किरण ने तंज किया और कहा कि हुड्डा तो शुरू से साथ हैं।




## खबर संक्षेप

### फॉर्च्यूनर गाड़ी का 35 हजार का चालान

**कैथल।** यातायात पुलिस ने बुधवार को काली फिल्म व सायरन लगाने पर एक फॉर्च्यूनर गाड़ी का 35 हजार रुपये का चालान काटा। चालान काटने के बाद कार को इंपाउंड भी कर दिया गया। यातयात पुलिस ने कार की खिड़कियों पर लगी काली फिल्म व सायरन को हटाया। यातयात थाना प्रभारी राजकुमार राणा ने कहा कि वाहन मालिक नियमों का उल्लंघन कर रहा था। इस पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

### प्रदेश स्तरीय पशु प्रदर्शनी 9 से 11 तक कुरुक्षेत्र में

**नाहड़।** 41वीं तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन कुरुक्षेत्र में 9 से 11 मार्च तक किया जाएगा, जिसमें उत्तम नस्ल के पशु भाग लेंगे और आकर्षक इनाम दिया जाएगा। डॉ राजबीर सिंह एसडीओ पशुपालन एवं डेयरी विभाग कोसली ने बताया कि कुरुक्षेत्र में लगने वाले पशु मेले में भैंस, गाय, सांड, घोड़ा, खच्चर, भेड़ व बकरी सहित अनेक जानवर शामिल होंगे।

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर फ्रॉड, 3 धरे

**फरीदाबाद।** थाना साइबर सेंट्रल की पुलिस टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सेंट्रल में हरि नगर, नहर पार फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि 5 फरवरी को क्रेडिट कार्ड से 17985.56 ररुपये ठग लिए थे।

# एससी-एसटी आयोग की मीटिंग में नहीं पहुंचे अफसर, चेयरमैन भड़के

## डीसी, एसपी व अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा

- रविंद्र बलियाला बोले-एसडीएम-डीएसपी नहीं आए, विभाग के क्लर्क को भेज दिया
- बुधवार को आयोग के चेयरमैन ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में समस्याओं को सुनने को लेकर बैठक बुलाई गई थी लेकिन अधिकारियों ने उनकी बैठक पर गंभीरता नहीं दिखाई



**अधिकारियों ने सरकार के आदेशों के विपरीत कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं और दौरे को लेकर प्रचार करना भी उचित नहीं समझा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पहले जिला फतेहाबाद के लोगों को यह फील हो रहा था कि शायद उन्होंने विपक्ष के विधायक व एमपी चुने हैं, इसलिए जिला अधिकारियों के पास जिले के लोगों के लिए समय ही नहीं। लोग अपने कामों को लेकर दर-दर भटक रहे हैं लेकिन अधिकारी हैं कि अपने कार्यालयों में नहीं मिलते। अब भाजपा सरकार के ही चेयरमैन ने जिला प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए जमकर अपना गुब्बार निकाला। बुधवार को रतिया के रेस्ट हॉउस में लोगों की शिकायतों को सुनने के लिए हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. रविन्द्र बलियाला ने बैठक बुलाई थी। बकायदा इसके लिए अधिकारियों को सूचना दी गई थी लेकिन बैठक में कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो चेयरमैन डॉ. रविन्द्र बलियाला काफी नाराज हुए। उन्होंने जिला के अधिकारियों पर आयोग को गंभीरता से न लेने की बात कही। चेयरमैन ने कहा कि उनका कमीशन इस मामले में कड़ा संज्ञान लेगा और मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेज कर हर संभव कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के उपस्थिति न होने पर डॉ. रविंद्र बलियाला ने बैठक को रद कर दिया। बैठक को रद करने के बाद चेयरमैन डॉ. रविन्द्र बलियाला ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिला प्रशासन अनुसूचित जाति व आमजन की समस्याओं को लेकर गंभीरता नही दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय के द्वारा पूर्व में ही जिलाधिकारी को आयोग के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आमजन व अनुसूचित जाति के लोगों की समस्याओं को सुनने को लेकर उनके दौरे की सूचना दी गई। इसके तहत वह पिछले दो दिनों से ग्रामीण क्षेत्र में जन समस्याओं को सुन रहे थे। आयोग द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आमजन की समस्याओं को सुनने को लेकर बैठक बुलाई गई थी लेकिन जिला प्रशासन व सब डिवीजन अधिकारियों ने उनकी बैठक पर गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि बैठक में लोक निर्माण विभाग के सब डिवीजन अधिकारी के इलावा एसडीएम, डीएसपी, बीडीपीओ सहित अन्य सब डिवीजन लेवल के अधिकारी तक बैठक में नहीं आए। अधिकारियों ने प्रदेश सरकार के आदेशों के विपरीत कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं के उनके दौरे को लेकर प्रचार करना उचित नहीं समझा।


एससी आयोग के चेयरमैन ने लाली व शेखुपुर गावों में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि में प्रकाशित खबर, अफसर नदारत रहे

### आयोग के आने पर सिक्योरिटी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई

जिससे स्पष्ट है कि जिला भर के अधिकारी उनके आयोग के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के दौरान बिजली, पानी तथा मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं ही सामने आती है लेकिन बैठक में बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा सिंचाई विभाग के किसी भी अधिकारी ने शिरकत नहीं की बल्कि आयोग के आने पर सिक्योरिटी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई। अधिकारियों से खफा आयोग के चेयरमैन डॉ. रविन्द्र बलियाला ने कहा कि कमीशन द्वारा इस मामले में उपायुक्त और जिला पुलिस कप्तान व अन्य अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा तथा मामले में हर संभव उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मीटिंग में नहीं आकर अधिकारियों ने सरकार को ही चुनौती दे डाली है। जवाब तलब किया गया है। सरकार लोगों के भलाई के लिए काम कर रही है।

### विवाह समारोह में डीजे बजाते हुए करंट से युवक की मौत

**यमुनानगर।** शहर के पुराना हमीदा में आयोजित विवाह समारोह में डीजे बजाते हुए एक युवक को करंट लग गया। जिसे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक के पिता ने डीजे मालिक पर जानबूझ कर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी डीजे मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उसका बेटा 21 वर्षीय वंश कुमार रणजीत सिंह उर्फ सोनू के डीजे पर काम करता था।

जींद में वारदात से हड़कंप

## कार सवार बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर शराब ठेका लूटा

- शराब ठेके से 27 हजार नकद 31 पेटी शराब, डीवीआर, मोबाइल को ले गए लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव फतेहगढ़ में बीती देर रात कार सवार चार बदमाशों ने असलहा के बल पर शराब ठेका सेल्जमैन को काबू कर 27 हजार रुपये की नगदी, 31 पेटी अंग्रेजी तथा देशी शराब को लूट लिया। आरोपित शराब ठेके से डीवीआर तथा मोबाइल फोन को भी अपने साथ ले गए। सेल्जमैन की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात कार सवार चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव संगरौली कैथल निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव फतेहगढ़ शराब ठेके पर सेल्समैन के पद कार्यरत है। रात को वह शराब ठेके मे सोया हुआ था। मध्यरात्रि के बाद कार सवार चार युवकों ने दरवाजा खटखटा कर शराब की बोतल मांगी। जिस पर उसने देने से मना कर दिया। फिर युवकों ने लात मार कर दरवाजा खोल दिया। अंदर घुसे युवकों ने पिस्तौल के बल पर उसे काबू कर लिया और उसका फोन छीन लिया।

गन्नौर में वारदात, गुमड़ से वापस घर लौटते समय हमला

## कबड्डी खिलाड़ी व उसके साथियों पर स्कोर्पियो सवार बदमाशों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गुमड़ से वापस घर लौटते रहे कबड्डी खिलाड़ी व उसके साथियों पर स्कार्पियो में सवार हो कर आए बदमाशों ने लोहे की राड व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में खिलाड़ी व उसके साथी घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। जानकारी अनुसार गांधी नगर का रहने वाले साहिल गुमड़ गांव के अजय के साथ कबड्डी खेलता था। 20 फरवरी को वह गुमड़ गांव के रिकी के साथ गाड़ी पर अनाज मंडी से गुमड़ गांव जा रहे थे। जब वे गुमड़ रोड पर पहुंचे तो गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर उनकी अजय और मोदी निवासी गुमड़ के साथ कहासुनी हो गई। जिसके दोनो ने उन्हें आर-पार की लड़ाई करने की धमकी दी। 23 फरवरी की शाम साहिल अपने दोस्त सागर, अरुण और आकाश के साथ बाइक पर गुमड़ से गन्नौर लौट रहा था। जब वे अजीत के खेत के पास पहुंचे तो स्कार्पियो से आए अजय, मोदी, मोहित और एक अन्य व्यक्ति ने साहिल और उसके साथियों पर हमला कर दिया। अजय ने लोहे की राड से साहिल की टांग पर वार किया, मोदी ने डंडे से छाती पर मारा और मोहित ने थप्पड़ जड़ा।


**गन्नौर।** हमले में बुरी तरह से घायल हुआ कबड्डी खिलाड़ी साहिल।

सरकार ने एचकेसीएल वार्षिक मीट का आयोजन किया

## 221 कंप्यूटर सेंटर के संचालकों ने सीखे गुर

- गन्नौर से जोगिंदर कंप्यूटर और एआई के महत्व पर जोर दिया
- कुछ नए पाठ्यक्रम लॉन्च, छात्रों को अधिक सक्षम बनाएंगे




**पंचकूला।** प्रदेश सरकार द्वारा पंचकूला के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एचकेसीएल वार्षिक मीट 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर के लगभग 221 कंप्यूटर सेंटरों के संचालकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में गन्नौर जोगिंदर भी पहुंचे। कार्यक्रम में जितेंद्र नेगी और उनकी टीम ने विशेष रूप से उपस्थित सभी सेंटरों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि किस प्रकार छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में, विशेषकर कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है। जोगिंदर ने इस कार्यक्रम में अपने संस्थान एसआरके स्किल सेंटर, गन्नौर का परिचय दिया। इस दौरान कुछ नए पाठ्यक्रम भी लॉन्च किए गए, जो छात्रों को इस बदलती तकनीकी दुनिया में और भी अधिक सक्षम बनाएंगे।

### ऐसे कार्यक्रम बड़ी प्ररेणा

जोगिंदर ने इस महत्वपूर्ण मंच से कहा, यह कार्यक्रम हम जैसे छोटे संस्थानों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, और यह हमें कंप्यूटर और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में अधिक छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## रेवाड़ी से होकर गुजरेगी दो खाटू श्याम मेला स्पेशल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेलवे की ओर से हरियाणा से खाटू श्याम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। खाटू श्याम मेले में श्रद्धालुओं के लिए जयपुर-शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी जयपुर और मदार अजमेर-कुरुक्षेत्र-मदार अजमेर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन टेनों का संचालन 1 मार्च और 9 मार्च से शुरू किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09725 जयपुर-शकूरबस्ती मेला स्पेशल रेलसेवा 1 मार्च से 15 मार्च तक जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 2:30 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09726 शकूरबस्ती -ढेहर का बालाजी जयपुर मेला स्पेशल रेलसेवा 1 मार्च से 15 मार्च तक शकूरबस्ती से दोपहर बाद 3:50 बजे रवाना होकर रात 10:50 बजे ढेहर का बालाजी जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन ढेहर का बालाजी, नींदड बैनाड, चौमू सामोद, गोविंदगढ़, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, झज्जर, अस्थल बोहर और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी, जिसमें 9 साधारण श्रेणी और 2 गार्ड श्रेणी सहित कुल 11 डिब्बे होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09727 मदार अजमेर-कुरुक्षेत्र मेला स्पेशल ट्रेन 9 मार्च से 12 मार्च तक मदार से सुबह 9:20 बजे रवाना होकर शाम 7:40 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचेगी।




प्रचार — केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल पहुंचे, कांग्रेस पर हमला बोला

**करनाल में बनेगा फुटवियर और फार्मा पार्क**

## कांग्रेस अपनी हार पर मंथन करे न कि ईवीएम पर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि करनाल जिले में फुट वियर पार्क स्थापित किया जाएगा। इसके लिए केद्र सरकार को प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा फामा के साथ एग्री कल्चर इम्पलीमैंट भी हिवकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली से करनाल के बीच रैंपिड ट्रैन पर काम धरातल पर अगले साल शुरू हो जाएगा। वह आज करनालपहुंचे यहां पर उन्होंने पत्रकारों से बात की। उसके बाद एक होटल में शहर के समाजसवियों की बैठक ली। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी हार पर मंथन करे न कि ईवीएम पर आरोप लगाए। इससे पहले उन्होंने महादेव की पूजा की। उन्होंने साफ किया कि भाजपा की जीत का कारण हमने दूसरों का विकास किया अपनों का नहीं। प्रतिभाशाली युवाओं को नौकरी दी। अपने बच्चों को नहीं। नौकरियों में हमने न्याय किया। इस मौके पर उन्होंने समस्त करनालवासियों को शिवरात्रि की हार्दिक बधाई दी। नगर निकाय चुनाव में सभी 10 नगर निगम, 4 नगर परिषद और समस्त नगरपालिकाओं में खड़े भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

इस मौके पर उन्होंने करनाल का संकल्प पत्र जारी किया। उनके साथ करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं असंध के विधायक योगेंद्र राणा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता समेत भाजपा की मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार व समस्त पार्षद प्रत्याशी मौजूद रहे।

**पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते मनोहरलाल**



### तीसरी बार शहर की सरकार बनेगी

मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार तीसरी बार बनी है, इसी तरह हरियाणा में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनी है और बेहतर कार्य कर रही है। उन्हें पूरा यकीन है कि करनाल की जनता तीसरी बार शहर की सरकार भी भाजपा की बनाएगी। 2014 के बाद भाजपा लगभग हर चुनाव भाजपा ने जीता है। कांग्रेस की हालत बुरी है।

# 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला तेंदुलकर का अंदाज, मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए भले ही लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी भी उनके खेलने का अंदाज नहीं बदला है। सचिन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जहां वह इंडिया मास्टर्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। सचिन ने इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ 21 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

### चौकों-छक्कों से झूमे दर्शक

मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। सचिन ने बल्लेबाजी के दौरान कई शानदार शॉट्स खेले और अपने खेलने के दिनों की याद दिला दी। सचिन की पारी देखकर स्टेडियम पर मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।



### मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली, जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए।

### सचिन का करियर

सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। मास्टर ब्लास्टर ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले जिनमें 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाए। वहीं, 463 वनडे मैचों में उनके बल्ले से 18426 रन निकले जिनमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा सचिन ने भारत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला है।

### कोहली तोड़ सकता है सौ शतक का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा, 'एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े। वह शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जब सचिन तेंदुलकर ने सौ शतक बनाए तो लगा था कि इसे कोई नहीं तोड़ सकेगा लेकिन 2010 से जिस तरह से विराट ने रन बनाए हैं तो लगता है कि वह इस असंभव को संभव कर सकता है। अगर विराट रिकॉर्ड तोड़ता है तो सचिन तेंदुलकर को बहुत खुशी होगी।'



## खबर संक्षेप



### वित्तीय सहायता देने के संबंध में समिति गठित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं।

### पिंक लेडीज कप: कोरिया से हारी भारतीय टीम

**शारजाह।** भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।

### अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा।



### फखर और अयूब की कमी खली: आकिब

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद ने बुधवार को कहा कि सैम अयूब और फखर जमां के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आकिब ने कहा कि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बावजूद टीम अपने अभियान का जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान गुरुवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से खेलेगा।



## जादरान चैंपियंस ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर, बेन डकेट को पीछे छोड़ा


# जदरान-उमरजइ ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत, इंग्लैंड ट्रॉफी से बाहर

### इंग्लैंड 49.5 ओवर में 317 रन पर ऑलआउट अफगान आठ से जीता

एजेंसी ▸▸| लाहौर

इब्राहिम जदरान के 177 रन और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजइ के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में बुधवार को इंग्लैंड को आठ रन से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया । इंग्लैंड की टीम दो मैच हार चुकी है और अब उसे ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जिसके आस्ट्रेलिया के बराबर तीन अंक हैं । अफगानिस्तान के अब दो अंक है और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिये आखिरी ग्रुप मैच में आस्ट्रेलिया को हराना होगा । जीत के लिये 326 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने दो विकेट 30 रन पर गंवा दिये । उमरजइ ने 58 रन देकर पांच अहम विकेट लिये और एक गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की पूरी टीम 317 रन पर आउट हो गई । जो रूट ने 111 गेंद में 120 रन बनाये जिसमें 11 चौके और एक छक्का था । उन्होंने बेन डकेट (38) के साथ तीसरे विकेट के लिये 68 रन की और कप्तान जोस बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिये 83 रन की साझेदारी की । डकेट और बटलर के जल्दी आउट होने का खामियाजा इंग्लैंड को भुगतना पड़ा क्योंकि रूट एक छोर पर अकेले पड़ गए थे । रूट ने काफी संयम के साथ बल्लेबाजी की और जोखिम लेने से बचते रहे । उन्होंने राशिद खान की गेंद पर एक रन लेकर 17वां एक दिवसीय शतक पूरा किया । वह उमरजइ की गेंद पर विकेट के पीछे रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच देकर लौटे । जैमी ओवरटन ने 28 गेंद में 32 रन बनाकर जीत की उम्मीदें कायम रखी थी लेकिन उमरजइ ने उन्हें भी रवाना कर दिया । इससे पहले सलामी बल्लेबाज जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने सात विकेट पर 325 रन बनाये । जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े । कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाये और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े । अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये 72 रन की साझेदारी की । बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिये 111 रन जोड़े । नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाये । इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जायेगी । अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पहले दस ओवर में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने उन्हें दबाव में रखा । आर्चर ने 64 रन देकर तीन विकेट लिये । रहमतुल्लाह गुरबाज उनका पहला शिकार बने । वहीं सेदिकुल्लाह अतल को उन्होंने पगबाधा आउट किया और रहमत शाह ने स्क्वेयर लेग पर आदिल रशीद को कैच थमाया ।

अफगानिस्तान ने पावरप्ले के भीतर तीन विकेट 37 रन पर गंवा दिये । इसके बाद जदरान और शाहिदी ने पारी को संभाला । जदरान ने पहला पचासा 65 गेंद में पूरा करने के बाद जैमी ओवरटन को लगातार दो चौके लगाकर दबाव कम किया । दूसरी ओर लेग स्पिनर रशीद को रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में शाहिदी बोल्ड हो गए । इसके बाद जदरान ने उमरजइ के साथ रनगति को आगे बढाया । इंग्लैंड को तेज गेंदबाज मार्क वुड की घुटने की चोट से भी जूझना पड़ा जो आठ ओवर ही डाल सके ।




### चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च स्कोर

| रन | बल्लेबाज | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 177 | इब्राहिम जादरान | इंग्लैंड | 2025 |
| 165 | बेन डकेट | ऑस्ट्रेलिया | 2025 |
| 145* | नाथन एश्ले | अमेरिका | 2004 |
| 145 | एंडी फ्लावर | भारत | 2002 |
| 141* | सौरव गांगुली | द.अफ्रीका | 2000 |

## डब्ल्यूपीएल

# स्किवेर और मैथ्यूज छाए मुंबई ने यूपी को हराया



भाषा ▸▸| बेंगलुरू

नेट स्किवेर ब्रंट और हीली मैथ्यूज के अर्धशतकों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हरा दिया । स्किवेर ब्रंट ने 18 रन देकर तीन विकेट लिये जिसके दम पर मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजकर नौ विकेट पर 142 रन ही बनाने दिये । इसके बाद इंग्लैंड की इस हरफनमौला ने 44 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये जिसमें 13 चौके शामिल थे । उन्होंने दूसरे विकेट के लिये मैथ्यूज के साथ 82 गेंद में 133 रन भी जोड़े । मैथ्यूज ने 50 गेंद में 59 रन बनाये । मुंबई ने 17 ओवर में ही मैच जीत लिया । लगातार तीसरी जीत के साथ मुंबई इंडियंस छह अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि यूपी वारियर्स चौथे स्थान पर बने हुए हैं । मुंबई की पारी में मैथ्यूज को सोफी एक्सेलेटन ने शुरू ही में जीवनदान दिया । सात डॉट गेंद खेलने के बाद यास्तिका भाटिया अपना विकेट दीप्ति शर्मा को गंवा बैठी । इसके बाद मैथ्यूज और स्किवेर ब्रंट ने पारी को संभाला जिन्होंने साइमा ठाकोर को लगातार तीन चौके जड़े । इसके साथ ही चिनेले हेनरी के एक ओवर में 13 रन निकाले । मैथ्यूज ने ग्रेस हैरिस को दो चौके और एक छक्का जड़कर 22 रन निकाले । इससे पहले हैरिस के 26 गेंद में 45 रन के बावजूद यूपी वारियर्स की टीम मध्यक्रम के नाकाम रहने के कारण नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी । पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर हैरिस ने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाये । उन्होंने वृंदा दिनेश (33) के साथ दूसरे विकेट के लिये 79 रन जोड़े लेकिन यूपी वारियर्स ने चार विकेट सिर्फ 12 रन के भीतर गंवा दिये और इस झटके से उबर नहीं सकी ।

## वनडे रैंकिंग

# गिल शीर्ष पर मजबूत कोहली 5वें स्थान पर



एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढ़कर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

### भारतीय टीम को जीतनी चाहिए चैंपियंस ट्रॉफी

**शारजाह।** भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहले टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी। राजपूत ने कहा, 'भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए।'

## बीएफआई चुनाव जल्द कराने की जरूरत, मैं खुद लड़ने को तैयार

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने कहा, 'जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता। अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करुंगा।'



# कतर ओपन जीतने के 3 दिन बाद दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

एजेंसी ▸▸| दुबई

रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।

एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।



## दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

# जीत के साथ अंत करने उतरेंगे पाकिस्तान और बांग्लादेश

एजेंसी ▸▸| रावलपिंडी

अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा।

मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया। इससे पहले 2023 में वनडे विश्व कप और 2024 में टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। ऐसे समय में जबकि अन्य टीम बेखौफ और आक्रामक रवैया अपना रही है तब लगता है कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेहद रक्षात्मक रवैया अपना रहे हैं।



### फार्म में नहीं बल्लेबाज

पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला बांग्लादेश भी भारत और न्यूजीलैंड से हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने भी अभी तक निराश किया है। उसके बल्लेबाजों में केवल तौहीद हृदोय, कप्तान नजमुल हसन और जाकर अली ही थोड़ा प्रभाव छोड़ पाए हैं। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी बांग्लादेश का प्रदर्शन औसत रहा है।

## चिंतन

# सनातन व सामाजिक एकता का जनोत्सव बना महाकुंभ

महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ महाकुंभ का समापन हो गया। इस बार करीब 66 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जनोत्सव का विश्व रिकार्ड बना। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। टेंट में आग लगने की घटना और भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की मौत के चलते सरकार के इंतजाम पर जरूर सवाल उठे, लेकिन समग्रता में महाकुंभ का आयोजन सफल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के मेला प्रशासन अगर सजग रहते तो भगदड़ जैसी घटना नहीं होती। समस्त हिंदू आबादी के आधे लोगों का एक माह के दौरान संगम में जाकर स्नान करना सनातन जागृति का बड़ा सबूत है। देश व विदेश के करोड़ों सनातनी श्रद्धालु प्रयाग के संगम तट पर पहुंचे, इनमें आमजन से लेकर फिल्मी सितारे, उद्योगपति, राजनेता सभी शामिल रहे। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां-जहां गिरीं, वहां-वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके थे। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अनूठा सांस्कृतिक आयोजन बना। महाकुंभ संस्कृति, आस्था, सामाजिक समरसता और आर्थिकी सबका संगम साबित हुआ। भारतीय समाज विभिन्न स्तर पर विभाजित है, धर्म, जाति, भाषा व क्षेत्र आदि। महाकुंभ के दौरान जाति, क्षेत्र, भाषा आदि सभी दीवार टूटती दिखी, सभी ने सनातन की छतरी के नीचे संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में भारतीय संस्कृति की ताकत दिखी, सनातन का प्रभाव और आस्था के जागरण का उत्सव दिखा। सभी वर्ग के लोगों में कुंभ स्नान के लिए जाने की ललक सांस्कृतिक एकता व जागरण को दर्शाती है। महाकुंभ उत्तर प्रदेश सरकार के लिए आर्थिक उपलब्धि के तौर पर भी साबित हुआ। यूपी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन में करीब 7500 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन एक माह में करीब 3 लाख करोड़ रुपये लोगों ने खर्च किए, जिससे सरकार को बड़ा राजस्व भी मिला, प्रयागराज समेत स्थानीय लोगों का व्यापार बढ़ा। रेलवे, बस व विमानन क्षेत्र की आमदनी बढ़ी। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर, काशी में बाबा विश्वनाथ कोरिडोर, नेपाल के लुंबिनी से बिहार के गया तक भगवान बुद्ध गलियारा समेत देश में अनेक मंदिरों के आसपास बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया है। देश में कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है। संगम तट पर महाकुंभ की सफलता से उत्साहित महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महाकुंभ जैसे आयोजन बड़ा योगदान दे रहे हैं। इससे सामाजिक दीवारें भी टूट रही हैं। आजादी के करीब सात दशक बाद भारत ने अपनी सनातन संस्कृति की शक्ति को पहचाना है और सरकार के स्तर पर इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण व सनातन के उदगार का ही नजारा है। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था, लेकिन महाकुंभ व हज जैसे आस्था के उत्सव सामूहिक सांस्कृतिक जागृति, सामाजिक एकता और मानवता-करुणा के संदेश को आगे बढ़ाते हैं।

## मोटापा

शिशिर शुक्ला



# स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी की अहम पहल

आज मोटापे की समस्या दिन-ब-दिन मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीरतम रूप लेती जा रही है। एक सीमा से अधिक मोटापा हर हालत में जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक जागरुकता अभियान चलाया है। खास बात यह है कि इस अभियान में सहायता हेतु उन्होंने देश की जानी-मानी हस्तियों को नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रत्येक देशवासी से अपने भोजन में तेल की खपत को दस फ़ीसदी तक कम करने का अनुरोध किया है। निश्चित रूप से किसी देश के मुखिया के द्वारा ऐसा कदम उठाया जाना एवं अपनी जनता से स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण अपील किया जाना उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण दूरदर्शिता का परिचायक है। गौरतलब है कि मोटापे की समस्या के पीछे उत्तरदायी कारकों में जो सबसे महत्वपूर्ण कारक है, वह है–अनियमित जीवन शैली एवं अनियंत्रित खान-पान। ये दोनों कारक आज के युवा एवं किशोरवर्ग के संदर्भ में कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि वे न तो किसी नियमित दिनचर्या का पालन कर रहे हैं एवं न ही कोई व्यवस्थित खानपान उनकी जीवन शैली का हिस्सा बन पा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि कोल्ड ड्रिंक पीने एवं बर्गर व पिज़्ज़ा जैसे फास्ट फूड खाने की लत युवाओं को समय से पहले बूढ़ा कर रही है। नतीजा यह हो रहा है कि समय से पहले युवा मोटापे की चपेट में आकर अनेक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि ऐसे युवा जो नियमित रूप से चिप्स, बिस्किट, पिज़्ज़ा, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं उनके बीमार होने एवं सुस्त रहने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। इटली के इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूरोलॉजिको के वैज्ञानिकों ने 22495 वयस्कों पर किए गए शोध के अनुसार निष्कर्ष निकाला है कि डिब्बाबंद खाना खाने से बुढ़ापा जल्दी आ सकता है। इसके साथ ही फास्ट फूड एवं डिब्बा बंद भोजन का सेवन करने से मोटापे की समस्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है जो भविष्य में मधुमेह एवं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को भी खींच लाती है। एक बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर को उत्तम स्वास्थ्य से दूर करने का एक महत्वपूर्ण कारण बन जाता है। किसी देश के विकास के लिए यह परम आवश्यक है कि वहां का युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त हो। मोटापे की समस्या कहीं न कहीं युवाओं के अंदर कार्य के प्रति लगन एवं उत्साह को भी क्षीण करने का कार्य करती है। नतीजा यह होता है कि वह स्वयं के विकास, परिवार के विकास, समाज की प्रगति एवं राष्ट्र की उन्नति में वह भूमिका नहीं निभा पाता जोकि उससे अपेक्षित होती है। एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में भारत में लगभग सात करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त थे जिनमें 4.4 करोड़ महिलाएं एवं 2.6 करोड़ पुरुष थे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि इतनी बड़ी संख्या में 50 लाख से अधिक बालिकाएं एवं 70 लाख से अधिक बालक शामिल थे जिनकी आयु 19 वर्ष से कम थी।

आईसीएमआर की एक अन्य रिपोर्ट यह कहती है कि वर्तमान में भारत में बारह करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल एवं सांस फूलने जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सुस्पष्ट है कि ये सभी बीमारियां मोटापे की वजह से ही उत्पन्न होती हैं। आज के युवाओं की जीवनशैली से शारीरिक श्रम तो बिल्कुल गायब सा होता जा रहा है। उनका अधिकांश समय मोबाइल फोन, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप पर कार्य करते हुए बीत जाता है। ऑफिस से घर एवं घर से ऑफिस वाली दिनचर्या उन्हें शारीरिक व्यायाम से कोसों दूर लेती जा रही है। निस्संदेह भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने वाली मोटापे की समस्या की चिंता करते हुए उठाया गया कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को भी यह समझना होगा कि इस अभियान को सफल बनाना प्रत्येक व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है। जब तक हम स्वयं समस्या की गंभीरता एवं इसके प्रभावों के विषय में जागरूक नहीं होंगे, तब तक हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति इस समस्या के संदर्भ में कोई योगदान नहीं कर सकते। यह एक कड़वा सच है कि समस्या का पूर्णरूपेण उन्मूलन तभी संभव है जब समाज का हर तबका एवं देश का हर नागरिक इस समस्या की जड़ तक जाते हुए इससे मुक्त होने का भरसक प्रयास करे।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विधेयक

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# आयकर व्यवस्था में सुधार की पहल

नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

यकीनन लोकसभा में प्रस्तुत नया आयकर विधेयक आयकर व्यवस्था में सुधार, करदाताओं को राहत और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। यदि हम देश में आयकर का इतिहास देखें तो पाते हैं कि वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से वर्ष 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाइल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन प्रयासों से 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़




लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है।

वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुट्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है बल्कि यह करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। साथ ही यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में मदद करता है। खास तौर से इस समय जब वर्ष 2047 में देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढ़ने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है।

अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को 'कैपिटल एसेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी है। आय छिपाने पर अकाउंट सीज़ और संपत्ति जब्त करने के अधिकार होंगे। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि यह कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निःसंदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा। साथ ही कर दरें घटाने पर भी ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि नए आयकर कानून 2025 के तहत सरल कर ढांचा और सरल कानून सभी के लिए मददगार होंगे और देश की जीडीपी में आयकर का अधिक योगदान बढ़ने से अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# प्रज्ञा के जागरण से बदलेगी दृष्टि




संकलित

## दर्शन

आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है- दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है-दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।' पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है- सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है- सत्य का साक्षात्कार होगा। जो ज्ञान बाहर से पैदा होता है वह है- इंद्रिय ज्ञान। प्रज्ञा है- आंतरिक ज्ञान। वह 'आयसमुत्था' बाहर से पैदा नहीं होती। एक अनपढ़ आदमी बहुत प्रज्ञावान और बहुत ज्ञानी हो सकता है। एक पढ़ा-लिखा आदमी बड़ा मूर्ख हो सकता है। प्रज्ञा का जागरण भीतर होता है। शक्ति का जागरण भीतर होता है। हम बाहर शक्ति को खोजते हैं। किंतु मूल स्रोत हमारे भीतर है। प्राण शक्ति प्रबल होती है तो बाहर की शक्ति भी काम आती है। प्राण शक्ति नहीं है तो बाहर की शक्ति भी सहारा नहीं दे सकती।

# हर दिन को होगा सुखद और आनंददायक



संकलित

## प्रेरणा

जीवन के हर दिन को आप सुखद बनना चाहते हैं लेकिन हर दिन आपका कैसा सुखद बनेगा। इस विषय में अगर आप सोच विचार कर रहे हैं तो सद्गुरु श्री मधुसूदन साई के बताए आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए। वस्तुतः, आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंद की लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। वह करें, जिसके लिए आप जन्मे हैं। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क पर बेजा कब्जा

राजधानी की सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों के बेजा कब्जे से सड़कों पर जाम लगने लगा है। सुबह और शाम के वक्त संतोषीनगर से रिंग रोड तक पहुंचना मुश्किल होता है। रिंग रोड के आसपास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। खासकर दुकानदार कई फीट सड़क पर सामान रख रहे हैं। ऐसे में सड़कें संकरी हो जाती है और लोगों का गुजरना मुश्किल होता है। निगम और ट्रैफिक पुलिस एक-दो बार कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं। फिर स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

– **राजेंद्र कुमार**, संतोषीनगर

## ट्रेंड

### कन्नड़ के लिए गर्व का क्षण



कन्नड़ साहित्य के लिए गर्व का क्षण है। बानू मुश्ताक का कन्नड़ लघुकथा संग्रह अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की लॉग लिस्ट में शामिल हुआ है। यह हमारी भाषा और संस्कृति के लिए एक बड़ा सम्मान है!

-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक

### निवेशकों का भरोसा उठ रहा



देश के शेयर बाज़ार के लगातार गिरने का कारण यदि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाज़ार से पैसा निकालना है तो ये दर्शाता है कि विदेशी निवेशकों का भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है। निवेश को आकर्षित करने के नाम पर जो करोड़ों ख़र्च किया जाता है, वो कितना निरर्थक है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### बीएफआई का चुनाव



भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। इसके लिए मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द चुनाव कराने की जरूरत है। अगर कोई जिम्मेदारी मिलती है तो मुझे योगदान करने में खुशी होगी।

-विजेंदर सिंह, भारतीय मुक्केबाज

### थ्रिलर श्रृंखला की शूटिंग



कुछ रहस्य यूं ही नहीं खुलते, वे आपको अंदर खींच लेते हैं, आपको अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं और जाने नहीं देते। हमें इस मामले में एक सुराग मिल गया है। एक नई रहस्य थ्रिलर श्रृंखला बन रही है! इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।

परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद के लिए एम्स में केंद्र

बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।



## ऑफ बीट

# मंगल ग्रह का लाल रंग लौहयुक्त खनिज की उपस्थिति के कारण

एक नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह-युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है और इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह अतीत में रहने योग्य रहा होगा। 'नेचर कम्युनिकेशन्स' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक - फेरिहाइड्राइट - ग्रह के रंग का कारण हो सकता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो तथा अध्ययन के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे विश्लेषण से, हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवतः चट्टान संरचनाओं में भी है। हालांकि, चूंकि फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बिहार में चुनावी वर्ष में मंत्रिमंडल का विस्तार

**सीएम नीतीश ने भाजपा कोटे से सात चेहरों को मंत्री बनाया**

भाषा ▶▶ पटना)



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी मंत्रिपरिषद में सात नए चेहरों को शामिल किया। ये सभी गठबंधन सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं। बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। बिहार में शुक्रवार से बजट सत्र शुरु होगा। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद के सदस्यों की संख्या 36 हो गई है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीट हैं।

नियमों के अनुसार कुल सीट का 15 प्रतिशत ही मंत्री हो सकते हैं। इस लिहाज से राज्य मंत्रिपरिषद में 36 सदस्य ही हो सकते हैं। यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। नये मंत्रियों में शामिल जिबेश कुमार अगस्त 2022 तक राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य थे, जब मुख्यमंत्री कुमार ने यह आरोप लगाते हुए अचानक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ दिया था कि भाजपा उनके नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाईटेड) को 'तोड़ने' की कोशिश कर रही है। दरभंगा से पांचवीं बार विधायक बने संजय सरावगी और बिहारशरीफ का प्रतिनिधित्व करने वाले सुनील कुमार को भी मंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गढ़ कहे जाने वाले नालंदा जिले के बिहारशरीफ से वह तीन बार जद(यू) के टिकट पर चुने गए।

### इन्हें जिम्मेदारी

7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं। आज मंत्री बनाए गए सभी विधायक भाजपा के हैं। इनमें 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से हैं। जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है उनमें जिबेश कुमार, संजय सरावगी, सुनील कुमार, राजू कुमार सिंह, मोती लाल प्रसाद, विजय कुमार मंडल और कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक दिन पहले ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पटना में पार्टी के कोर समूह के नेताओं के साथ बैठक की थी। राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13, बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं।

## संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया: राष्ट्रपति

■ सामूहिक विवाह समारोह में की शिरकत




छतरपुर (मप्र) (भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत में संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है और देश आज 'महिला विकास से महिला-नीत विकास' की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव के बागेश्वर धाम में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, "समकालीन संत आत्मनिर्भर, सामंजस्यपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।" इस सामूहिक विवाह समरोह में 251 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।

**स्टालिन के आरोपों को किया खारिज**

## केंद्र ने तमिलनाडु के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं किया: शाह

भाषा ▶▶ कोयंबटूर (तमिलनाडु)



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को केंद्र द्वारा तमिलनाडु के साथ किसी भी तरह का अन्याय किए जाने से इनकार किया और इस प्रकार के आरोपों को ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2014-24 की अवधि के दौरान राज्य को 5,08,337 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। शाह ने इसके अलावा स्टालिन पर परिसीमन को लेकर गलत सूचना अभियान फैलाने का आरोप लगाया और इस विषय पर अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि जब परिसीमन यथानुपात आधार पर किया जाएगा तो तमिलनाडु सहित किसी भी दक्षिणी राज्य के संसदीय प्रतिनिधित्व में कमी नहीं होगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र सरकार पर शिक्षा का राजनीतिकरण करने और राज्य का महत्वपूर्ण धन रोकने का आरोप लगाया है।

## सीएम रेखा गुप्ता आज विस उपाध्यक्ष पद के लिए मोहन सिंह बिष्ट का नाम प्रस्तावित करेंगी

■ इस पद के लिए मैदान में कोई और उम्मीदवार ही नहीं

नई दिल्ली (भाषा)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए 27 फरवरी को भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट के नाम का प्रस्ताव रखेंगी। इस पद के लिए मैदान में कोई और उम्मीदवार नहीं है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई कार्य सूची के अनुसार, बिष्ट को इस पद पर निर्वाचित करने के लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। पहला प्रस्ताव मुख्यमंत्री गुप्ता द्वारा पेश किया जाएगा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा इसका समर्थन करेंगे, जबकि दूसरा प्रस्ताव विधायक अनिल कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया जाएगा और गजेंद्र सिंह यादव इसका समर्थन करेंगे।

## शराब घोटाले में कांग्रेस का आरोप. कैग की रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण सवाल नजरअंदाज किए गए

नई दिल्ली (ब्यूरो)। कांग्रेस ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार में हुए शराब घोटाले में भाजपा के भी शामिल होने ओर कैग की रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण सवाल नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए व्यापक जांच की मांग की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने मांग की कि शराब घोटाले की जांच का दायरा व्यापक किया जाए। कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ दी गई लिखित शिकायत की भी जांच हो। इसी के साथ शराब घोटाले को लेकर सार्वजनिक मंच पर चर्चा की जाए। कांग्रेस नेताओं ने कैग रिपोर्ट की जांच के लिए पीएसी (लोक लेखा समिति) के जल्द गठन की मांग पर जोर दिया। देवेंद्र यादव ने कहा कि विधानसभा में शराब नीति से जुड़ी कैग की रिपोर्ट पेश की गई।

## डीआरडीओ और नौसेना ने किया पहली एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

■ राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और नौसेना को दी बधाई

नई दिल्ली(ब्यूरो)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से पहली स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल (एनएएसएम-एसआर) का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और नौसेना को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैन-इन-लूप फीचर से जुड़ा यह सफल परीक्षण अपने आप में काफी अनोखा है। जो मिसाइल को उड़ान के दौरान लक्ष्य पर निशाना लगाने की क्षमता प्रदान करता है। परीक्षण में मिसाइल ने अपने सभी तय उद्देश्यों को सफलता के साथ पूरा किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछले मंगलवार को किए गए इस परीक्षण के दौरान एनएएसएम-एसआर मिसाइल को नौसेना के सीकिंग हेलिकॉप्टर से जहाज के एक निर्धारित लक्ष्य पर दागकर उसकी क्षमता की जांच की गई। जिसमें मिसाइल ने अपने तमाम फीचर्स पर खरा उतरते हुए अधिकतम गति के साथ लक्ष्य बनाए गए छोटे जहाज पर सटीक निशाना लगाते हुए उसे नेस्तनाबूद कर दिया।

## भाजपा–कांग्रेस ने कहा–केजरी को रास भेजने की तैयारी, आप ने किया इनकार

चंडीगढ़ (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया, जिसके बाद भाजपा, शिअद और कांग्रेस ने दावा किया कि अरोड़ा के इस्तीफा देने के बाद पार्टी प्रमुख केजरी राज्यसभा में प्रवेश करेंगे।

अगर अरोड़ा उपचुनाव जीतते हैं तो उन्हें राज्यसभा की सदस्यता छोड़नी होगी। वहीं, आप के एक प्रवक्ता ने विपक्षी दलों के दावों को खारिज किया।

### भाजपा का सवाल

भाजपा आईटी सैल के प्रमुख अमित मालविया ने कहा कि अरोड़ा की उम्मीदवारी का उद्देश्य केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेजने का रास्ता साफ करना है। क्या ये बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल की बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति ही राज्यसभा का प्रतिनिधित्व करे।

### कांग्रेस ने कहा

कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने दावा किया कि अगर राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आप उम्मीदवार बनाया गया है, तो मुझे यकीन है कि केजरीवाल उनकी जगह राज्यसभा सदस्य बनेंगे!

### आप ने दावे खारिज किए

आप के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि केजरीवाल या मनीष सिसोदिया पंजाब से राज्यसभा नहीं जाएंगे। उनके ऊपर पार्टी के विस्तार की जिम्मेदारी है।

वे देश में पार्टी के विस्तार के लिए काम करेंगे। भाजपा और कांग्रेस के दावे बेतुके हैं, इनमें कोई सच्चाई नहीं है।

## असम, केरल के कांग्रेस नेताओं की इस सप्ताह बैठक, संगठन-चुनाव तैयारियों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने असम और केरल के अपने वरिष्ठ नेताओं की क्रमशः 27 और 28 फरवरी को बैठक बुलाई है जिसमें दोनों राज्यों में संगठन की स्थिति और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ होने वाली इन दोनों बैठकों में दोनों प्रदेशों के पार्टी प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, सांसद और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। केरल और असम में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। केरल के कांग्रेस के नेताओं की बैठक इस मायने में महत्वपूर्ण है कि इन दिनों पार्टी के सांसद तथा वरिष्ठ नेता शशि थरूर के अप्रसन्न होने की अटकलें हैं।

### पार्टी नेतृत्व कहे तो पद छोड़ने को तैयार: सुधाकरन

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेतृत्व द्वारा पार्टी की केरल इकाई में फेरबदल करने की योजना बनाने की खबरों के बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन ने बुधवार को कहा कि वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा लिए जाने वाले किसी भी निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि एआईसीसी से किसी ने भी उनसे पद छोड़ने के लिए नहीं कहा है।

**बजट सत्र में सरकार ने दी जानकारी**

## अदालती मामले लड़ने को 10 साल में 400 करोड़ से अधिक खर्च किए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने पिछले 10 वर्ष के दौरान अदालतों में मुकदमे लड़ने पर 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। एक आधिकारिक आंकड़े में यह बात सामने आई। वित्त वर्ष 2023-24 में मुकदमेबाजी पर केंद्र का 66 करोड़ का खर्च उससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9 करोड़ रुपये से अधिक था। संसद के बजट सत्र में सरकार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कुछ आंकड़े साझा किए जिनके अनुसार, 2014-15 से मुकदमेबाजी पर खर्च राशि में वृद्धि हुई है। इनमें कदो वित्त वर्ष अपवाद रहे जब कोविड महामारी अपने चरम पर थी। जवाब के अनुसार 2014-15 में मुकदमेबाजी पर लागत 26.64 करोड़ रुपये आई, जबकि 2015-16 में यह खर्च 37.43 करोड़ रुपये रहा। 2014-15 और 2023-24 के बीच, सरकार ने मुकदमों पर 409 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।

### राष्ट्रीय वाद नीति पर काम जारी: मेधवाल

विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में कहा कि अदालतों में लंबित करीब सात लाख मामलों में सरकार पक्षकार है और वित्त मंत्रालय अकेले करीब 1.9 लाख मामलों में एक वादी है। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि वह एक राष्ट्रीय वाद नीति पर काम कर रही है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## भारत ने दी चीन को सीधी चुनौती, बड़ी परियोजना का किया ऐलान

# अरुणाचल सीमा पर बनेगा 1400 किमी लंबा हाईवे, अब किसी भी मौसम में पहुंचेगी सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ की लागत आने वाली है। यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा*

चीन सीमा के पास केंद्र सरकार ने बड़े हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे सीमांत इलाकों तक संपर्क में इजाफा होगा, इसके अलावा सुदूर अरुणाचल प्रदेश से अन्य राज्यों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। अरुणाचल प्रदेश पर तवांग नाम से चीन दावा करता रहा है। ऐसे में उसके लिए इतने बड़े प्रोजेक्ट का ऐलान कर भारत ने उसे सीधा संदेश दिया है। मोदी सरकार के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में लगे एक मेले के दौरान इसका ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि यह हाईवे चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से होकर गुजरेगा। यह एक सपने के पूरे होने जैसा होगा और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के लिए यह गेमचेंजर बनेगा।

### चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से गुजरेगा हाईवे

**42,000 करोड़ रुपए की लागत से होगा तैयार**




### चीन की सीमा से 20 किमी दूर

रिजिजू ने बताया कि इस हाईवे की कुल लंबाई 1400 किलोमीटर होगी और कई जगहों पर तो यह चीन की सीमा से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर होगा। अरुणाचल प्रदेश के जिस मेले में रिजिजू ने इस हाईवे का ऐलान किया, उसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। बोसीमला मेले को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि यह इलाका नेशनल हाईवे से दूर है। इसके बाद भी यहां उपराष्ट्रपति पहुंचे तो यह अहम बात है और इसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा।

### पूरा होने वाला है रिजिजू का सपना: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए गर्व की बात है। यह रिजिजू का सपना था कि एक ऐसा हाईवे अरुणाचल के लिए मंजूर हो और अब वह पूरा होने वाला है। उन्होंने कहा कि फंड को मंजूरी मिल चुकी है और अब पास काम शुरू होना है। उन्होंने कहा कि रिजिजू ने पीएम मोदी को आश्वस्त कर दिया है कि अरुणाचल प्रदेश में 50,000 मेगावॉट बिजली उत्पादन और 5 लाख करोड़ के निवेश की संभावनाएं हैं। न्योकुम योलो नाम के जिस मेले में रिजिजू और उपराष्ट्रपति मौजूद थे, वह अरुणाचल प्रदेश की निशी जनजाति का सबसे प्रमुख त्योहार माना जाता है। उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली न्यिशी जनजाति की पहली महिला कबाक यानो को भी सम्मानित किया।

# महाकुंभ के समापन पर वायुसेना की 'महासलामी', गरजे सुखोई

**महाशिवरात्रि पर संगम के आसमान में वायुसेना का एयर शो, सुखोई, एएन-32 और चेतक ने भरी उड़ान**

**सेना के जांबाज पायलटों ने हवा में दिखाई कलाबाजियां गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने गर्व और उत्साह से बजाईं तालियां**



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को महासलामी दी है। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देख गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरु कर दी। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया। इस पावन अवसर पर जहां गंगा तट पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा रहे थे, वहीं आकाश में सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलीकॉप्टर आसमान से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे थे। इस ऐतिहासिक पल ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया।

### श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है। महाशिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक किया।

### जम्मू-कश्मीर में पहली ई-एफआईआर दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के अवंतीपोरा में ईमेल और व्हाट्सऐप से खीव पुलिस स्टेशन एफआईआर दर्ज करने वाला प्रदेश का पहला स्टेशन बन गया। अवंतीपोरा पुलिस ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि अवंतीपोरा पुलिस ने ईमेल से की गई शिकायत के बाद पहली ई-एफआईआर दर्ज की है। न्यू कॉलोनी खीव निवासी मुश्ताक अहमद भट ने आदिल अहमद भट और बिलाल अहमद भट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## मई में रूस का दौरा कर सकते हैं मोदी



**नई दिल्ली( एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी मई में एक बार फिर रूस का दौरा कर सकते हैं। रूसी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी मॉस्को के रेड स्कवायर पर आयोजित होने वाली 80वीं ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) परेड में बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। जिसे महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध भी कहा जाता है। पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय होगा, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत हो रही है। दोनों देशों के बीच पहले चरण की वार्ता इसी महीने सऊदी अरब के शहर रियाद में हुई है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं।

# ईबी-5 वीजा की जगह लेगा ट्रंप का गोल्ड कार्ड ग्रीन कार्ड चाहने वाले भारतीय की बढ़ी चिंता!

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी नागरिकता पाने के लिए लांच किए गए गोल्ड कार्ड ने ग्रीन कार्ड की इच्छा रखने वाले भारतीयों को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह गोल्ड कार्ड अमेरिका की करीब 35 साल पुरानी ईबी-5 वीजा की जगह लेगा। बीते मंगलवार देर रात एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर के बाद इसकी घोषणा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए गोल्ड कार्ड लांच किया है, जिसकी कीमत 50 लाख डॉलर होगी। इसमें मौजूदा ग्रीन कार्ड के भी कई फायदे मिलेंगे। गोल्ड कार्ड खासतौर पर उन अमीर लोगों के लिए अमेरिका की स्थायी नागरिकता पाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। जो वहां निवेश के अलावा करों के भुगतान के साथ रोजगार का सृजन करेंगे। यहां बता दें कि ईबी-5 रोजगार, पारिवारिक प्रायोजक या निवेश के जरिए अमेरिका में स्थायी निवास का मार्ग प्रशस्त करता है। जबकि गोल्ड कार्ड से इसे सीधे 50 लाख डॉलर खर्च कर हासिल किया जा सकता है।


### 14 दिनों में प्रभावी हो जाएगा गोल्ड कार्ड

अमेरिकी प्रशासन के व्यापार सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि गोल्ड कार्ड दो सप्ताह में ईबी-5 की जगह ले लेगा। इससे संबंधित कार्यक्रम को जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने 1990 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बनाए गए इस विदेशी निवेशक वीजा कार्ड को गलत बताया। बीते समय में इसके दुरुपयोग को लेकर इसकी काफी आलोचना की गई थी। जिसके बाद ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अमेरिकी परियोजनाओं में निवेश की राशि में इजाफा कर दिया था। बाद में डेमोक्रेटिक से राष्ट्रपति बने जो.बाइडन ने भी इसे नवीनीकृत कर निवेश की राशि में बढ़ोतरी की थी।

# अमेरिकी के आगे झुका यूक्रेन मदद के बदले खनन लेगा यूएस

एजेंसी ▶▶ कीव (यूक्रेन)

यूक्रेन और अमेरिका दुर्लभ खनिजों के दोहन संबंधी समझौते समेत एक व्यापक आर्थिक करार की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मामले से परिचित एक अधिकारी ने बताया कि कीव को उम्मीद है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने से यूक्रेन के लिए उस अमेरिकी सैन्य सहायता का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित हो जाएगा जिसकी उसे तत्काल आवश्यकता है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने बताया कि समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की संभावना है और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन जाने की योजना बनाई जा रही है।



**यूक्रेन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी**

### दुर्घटना का शिकार हुआ सैन्य विमान, 49 की मौत

**यकाहिरा।** सूडान के ओमदुरमान शहर में एक सैन्य विमान वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। दुर्घटनाग्रस्त विमान 'एंटोनोव' मॉडल का था, जो टेकऑफ़ के दौरान संतुलन खो बैठा और एक रिहायशी इमारत से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद विमान में आग लग गई।







+Terms and conditions apply. #Cashback Offer on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Free Accessories worth ₹3000 schemes and Exchange Bonus of ₹2000 will be given on Scooter Purchase. *The schemes are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Associate Dealers *The offer is applicable in Haryana only. *The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honca - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**